------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

**प्रेस विज्ञप्ति / Press Release** **23 दिसम्बर / December, 2019**

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

# सिडबी द्वारा उद्यमिता के संवर्द्धन हेतु उत्तर प्रदेश में स्वावलंबन संपर्क केंद्र की शुरुआत

## SIDBI starts Swavalamban Connect Kendras in Uttar Pradesh to promote entrepreneurship

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र के संवर्द्धन, वित्तपोषण और विकास में संलग्न शीर्ष संस्था भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश के 35 जिलों में स्वावलंबन संपर्क केंद्र के प्रयोगिक परिचालन का शुभारंभ किया है। इन जिलों में अमरोहा (जेपी नगर), मुरादाबाद, सहारनपुर, रामपुर, बिजनौर, हरदोई, अमेठी, फर्रुखाबाद, लखनऊ, रायबरेली, कानपुर देहात, कानपुर नगर, बांदा, उन्नाव, जालौन, आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, प्रयागराज कौशाम्बी, प्रतापगढ़, चित्रकूट, फतेहपुर, वाराणसी, जौनपुर, आज़मगढ़, भदोही, देवरिया, गोरखपुर, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती और सिद्धार्थ नगर शामिल है। यह पहल सिडबी के मिशन स्वावलंबन के तहत की गई है जिसका उद्देश्य समाज में अधिक उद्यमियों को तैयार करना है। इन पहलों के लिए सिडबी ने लेट्सएंडोर्स प्रा.लि का सहयोग लिया है।

Small Industries Development Bank of India (SIDBI), the principal financial institution engaged in the promotion, financing and development of Micro, Small & Medium Enterprises (MSMEs), has started pilot operation of Swavalamban Connect Kendras in 35 districts of Uttar Pradesh to give a fillip to the spirit of entrepreneurship. These districts are Amroha (JP Nagar), Moradabad, Saharanpur, Rampur, Bijnor, Hardoi, Amethi, Farrukhabad, Lucknow, Raebareli, Kanpur Dehat, Kanpur Nagar, Banda, Unnao, Jalaun, Agra, Firozabad, Mathura, Aligarh, Hathras, Allahabad, Kaushambi, Pratapgarh, Chitrakoot, Fatehpur, Varanasi, Jaunpur, Azamgarh, Bhadohi, Deoria, Gorakhpur, Balrampur, Gonda, Shravasti and Siddharth Nagar. The initiative is under SIDBI’s Mission Swavalamban which aims to create more entrepreneurs in the society. SIDBI has associated with LetsEndorse Development Pvt. Ltd. for the initiative.

इस पहल के अंतर्गत आकांक्षी उद्यमियों द्वारा अपना उद्यम शुरू करने के उनके सपने को साकार करने के लिए इन केन्द्रों द्वारा पथप्रदर्शक सहायता प्रदान की जाएगी। ये केंद्र जागरूकता पैदा करेंगे, भावी उद्यमियों की पहचान करेंगे, उन्हें कौशल प्रशिक्षण से जोड़ेंगे और ऋण उपलब्धता के लिए सहयोग करेंगे।

Under this initiative, aspiring entrepreneurs will be extended handholding support by these Kendras to pursue their dream of becoming entrepreneurs. These Kendras will create awareness, identify prospective entrepreneurs, link them to skill training and enable credit connect.

आकांक्षी टोल फ्री नंबर 1800-200-1265 पर कॉल करेंगे और अपना पिन कोड साझा करेंगे इससे वे अपने निकटतम स्वावलंबन कनेक्ट केंद्र से जोड़ दिए जाएंगे। युवाओं के बीच उद्यमशीलता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए इन केंद्रों पर प्रेरणादायक वीडियो दिखाए जाएंगे और उद्यमशीलता के संदर्भ में जिङ्ग्ल्स इन केन्द्रों के रेडियो चैनल्स पर बजाए जाएंगे।

Aspirants need to call on toll free number 1800-200-1265, share pin code and they will get connected to nearest Swavalamban Connect Kendra. To promote entrepreneurial culture among youth, motivational and inspirational videos and jingles on entrepreneurship shall be played at these Kendra’s radio channels.

इस अवसर पर सिडबी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री मोहम्मद मुस्तफा, आई ए एस ने कहा कि “उत्तर प्रदेश के प्रायोगिक परिणामों के आधार पर हम आने वाले समय में बिहार, झारखंड, ओडिशा और तेलंगाना में केंद्र स्थापित करने का इरादा रखते हैं। इसका लक्ष्य नवोदित उद्यमियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए शुरुआत में इन 5 राज्यों में 100 स्वावलंबन संपर्क केंद्र स्थापित करना है। इस पहल का उद्देश्य 7,000 से अधिक नए उद्यम स्थापित करना और आजीविका स्तर का उन्नयन और उसमें संवृद्धि करना है और 3,000 से अधिक मौजूदा उद्यमों / आजीविका साधनों को आगे बढ़ाना है।”

On this occasion Shri Mohammad Mustafa, IAS, Chairman and Managing Director of SIDBI said, “Based on pilot results in Uttar Pradesh, we intend to set up Kendras in Bihar, Jharkhand, Odisha and Telangana in the time to come. The aim is to have 100 Swavalamban Connect Kendras across these 5 states in the beginning to cater to the needs of budding entrepreneurs. The initiative aims to set up over 7,000 new enterprises / livelihood and step-up / scale-up over 3,000 existing enterprises / livelihood to grow.”

**सिड्बी के बारे में**: 1990 में अपने गठन के बाद से सिडबी अपने एकीकृत, अभिनव और समावेशी दृष्टिकोण के माध्यम से समाज के विभिन्न स्तरों पर नागरिकों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। सिडबी ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से विभिन्न ऋण और विकासात्मक उपायों के माध्यम से सूक्ष्म और लघु उद्यमियों (एमएसई) के जीवन को छुआ है, चाहे ये पारंपरिक व घरेलू छोटे उद्यमी हों; उद्यमिता पिरामिड के निम्नतम स्तर के उद्यमी हों अथवा उच्चतम स्तर के ज्ञान-आधारित उद्यमी हों। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://www.sidbi.in पर जाएँ।

**About SIDBI**: Since its formation in 1990, SIDBI has been impacting the lives of citizens across various strata of the society through its integrated, innovative and inclusive approach. Be it traditional, domestic small entrepreneurs, bottom-of-the-pyramid entrepreneurs, to high-end knowledge-based entrepreneurs, SIDBI has directly or indirectly touched the lives of Micro and Small Enterprises (MSEs) through various credit and developmental engagements. To know more, check out: https://www.sidbi.in

**मीडिया संपर्क:** नीलाश्री बर्मन, मोबाइल: +91 8879760249, ई मेल: neelasrib@sidbi.in
**Media contact:** Neelasri Barman, Mobile: +91 8879760249, E-mail: neelasrib@sidbi.in